हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

11 इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 108 कंजकों को करवाया भोजन



12 भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाएं: खट्टर



खबर संक्षेप

गाड़ी गिरवी रखवाने के नाम पर एक लाख ठगे

फतेहाबाद। गाड़ी गिरवी रखवाने के नाम पर एक लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तिलक नगर टोहाना निवासी राहुल के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

गुम हुए 17 मोबाइल फोन किए बरामद

फतेहाबाद। फतेहाबाद साइबर थाना पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए विभिन्न शिकायतों में गुम हुए 17 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए हैं। बरामद किए गए इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लाखों रुपये है। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर एक बार फिर मुस्कान लौट आई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी निकिता खट्टर ने अपने हाथों से बरामद सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए।

2700 की सट्टाराशि सहित 2 आरोपी काबू

सिरसा। सिविल लाइन थाना व रोड़ी थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग क्षेत्रों से सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करने वाले 2 लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 2700 रुपए की सट्टाराशि बरामद की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान चतरगढ़ पट्टी सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि एक युवक सार्वजनिक जगह पर नंबरों पर पैसे लगवाकर सट्टा खाईवाली कर रहा है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस पार्टी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चतरगढ़पट्टी सिरसा क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी मंगतराम को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी ली।

17 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी काबू

सिरसा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को 17 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान शाहपूर बेगू रोड सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लिए हुए आता हुआ दिखाई दिया। उक्त व्यक्ति ने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वहां से फरार होने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त व्यक्ति को काबू कर नियमानुसार प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो उसमें से 17 बोतल देसी शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुखविंद्र निवासी शाहपूर बेगू रोड़ सिरसा के रुप में हुई है।

अब तक शहर में रोजाना दो समय मिल रहा था पानी

नहरबंदी से पेयजल का संकट, 30 तक एक दिन छोड़कर होगी सप्लाई

- घरों में पानी का पर्याप्त भंडारण करके रखने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गोरखपुर स्थित अणु विद्युत परियोजना को पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाने के लिए की गई नहरबंदी का असर अब शहर की पेयजल आपूर्ति पर पड़ने लगा है। नहर में पानी बंद होने के कारण जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर में 30 अक्टूबर तक एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई देने का निर्णय लिया है।

इससे पहले शहरवासियों को प्रतिदिन दो समय पानी की आपूर्ति की जा रही थी। अब लोगों को पानी का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करना होगा। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घरों में पानी का पर्याप्त भंडारण करके रखें, ताकि आपूर्ति प्रभावित होने पर परेशानी का सामना न करना पड़े। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर स्थित अणु विद्युत परियोजना को पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाने के लिए 14 अक्टूबर को जिले की आम नहरों में पानीबंदी की गई थी। इसका उद्देश्य गोरखपुर क्षेत्र की क्रॉसिंग नहर में पानी उपलब्ध करवाना है। अब नहर में 29 अक्टूबर को पानी पहुंचने की संभावना है। इसके बाद जलापूर्ति व्यवस्था सामान्य होने में समय लग सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग ने 30 अक्टूबर तक एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई देने की सूचना जारी की है।



फतेहाबाद। खैरातीखेड़ा रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, जहां से शहर में पानी सप्लाई होता है। *फोटो: हरिभूमि*

रोजाना दो समय पानी मिलने की व्यवस्था

शहर में अब तक लोगों को प्रतिदिन दो समय पानी की आपूर्ति मिल रही थी। नहरबंदी के कारण इस व्यवस्था में बदलाव किया गया है। एक दिन छोड़कर पानी मिलने से घरों में पानी की खपत और भंडारण को लेकर लोगों को पहले से योजना बनानी होगी। खासकर उन परिवारों को अधिक सावधानी बरतनी होगी, जिनके घरों में पानी जमा करने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

29 को नहर में पानी आने की संभावना

नहर में 29 अक्टूबर को पानी पहुंचने की संभावना के बावजूद शहर की जलापूर्ति तुरंत पहले जैसी होने की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसी कारण विभाग ने 30 अक्टूबर तक एक दिन छोड़कर सप्लाई देने की व्यवस्था की है। नहर में पानी आने के बाद जलापूर्ति की स्थिति के अनुसार आगे निर्णय लिया जा सकता है। फिलहाल शहरवासियों को विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार पानी का भंडारण और उपयोग करना होगा। जनस्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सहयोग की अपील की है, ताकि नहरबंदी की अवधि में पेयजल की उपलब्धता का बेहतर प्रबंधन किया जा सके।

विभाग ने लोगों से की पानी जमा रखने की अपील

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सूचना में आमजन से कहा गया है कि वे अपने घरों में पानी का भंडारण करके रखें, ताकि सप्लाई के बीच अंतराल होने पर दैनिक जरूरतों के लिए पानी की कमी न हो। विभाग ने लोगों को पानी का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार करने की सलाह भी दी है। अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद करने से बचने और उपलब्ध पानी का सोच-समझकर उपयोग करने से इस अवधि में परेशानी कम हो सकती है।

रतिया में इस बार 60 फुट के रावण का होगा दहन



रतिया। हर वर्ष की तरह इस बार भी शक्ति नाटक क्लब द्वारा दशहरा पर्व का कार्यक्रम किया जाएगा। मेन बाजार स्थित सीनियर मॉडल संस्कृति बॉयज स्कूल के ग्राउंड में 20 अक्टूबर को शाम 4 बजे दशहरा पर्व कार्यक्रम शुरू किया जाएगा व सूर्य अस्त से पहले रावण का दहन किया जाएगा क्लब के प्रधान राजेश सेतिया , कोषाध्यक्ष अंशुल बत्रा ने बताया कि दशहरा पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार जिले का सबसे बड़ा करीब 60 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बंसल मुख्य अतिथि के तौर पर तहत शिरकत करेंगे। इस दौरान दशहरा ग्राउंड में प्रसिद्ध भजन गायक प्रिंस हैरी व अन्य गायक आए हुए लोगों का मनोरंजन भी करेंगे। शक्ति नाटक क्लब के प्रतिनिधि ने बताया कि मंगलवार को दशहरा पर्व पर सुबह 10 रामलीला ग्राउंड से रामलीला पर्व की झांकियां रवाना होगी जो शहर के टोहाना रोड से होकर

दशहरे पर 800 जवान संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

- रावण दहन स्थलों से बाजारों तक रहेगी नजर
- ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

दशहरा पर्व पर रावण दहन और धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सिरसा पुलिस ने सुरक्षा का पूरा खाका तैयार कर लिया है। शहर में मेले, रावण दहन, दुर्गा पूजा और अन्य धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए करीब 800 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसपी दीपक सहारण ने सभी थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में उचित सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के जिम्मेवार होंगे। त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। पुलिस अधिकारी खुद मैदान में उतरकर व्यवस्था पर नजर रखेंगे, ताकि लोग बेफिक्र होकर त्योहार मना सकें।

सादी वर्दी में भी तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

रावण दहन स्थलों, बाजारों और संवेदनशील जगहों पर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। वहीं, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें और अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की नजर रहेगी।

बाजारों में जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक प्लान

त्योहार के चलते बाजारों और मुख्य चौराहों पर भीड़ बढने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष प्लान बनाया है। प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग की जाएगी और जरूरत के अनुसार भारी व बड़े वाहनों के रूट बदले जाएंगे। पुलिस का प्रयास रहेगा कि बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को जाम की परेशानी न झेलनी पड़े और आवागमन सुचारू बना रहे। किसी भी प्रकार की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस पीसीआर, राइडर्स एवं ईआरवी पर तैनात जवान लगातार गश्त पर रहेंगे।

अवैध धंधे करने वालों पर होगी कार्रवाई

एसपी ने स्पष्ट किया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध जुआ खेलने तथा शराब बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था बिगाडने की कोशिश करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि दशहरा आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के किसी खबर या अफवाह को आगे न बढ़ाएं।

मुथूट गोल्ड लोन ब्रांच में घुसा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के जाखल में सोमवार तडक़े करीब 3 बजे चंडीगढ़-बुढलाडा रोड पर एक भीषण हादसा होते-होते टल गया। यहां एक बेकाबू ट्रक अनियंत्रित होकर सीधा मुथूट गोल्ड लोन की ब्रांच में जा घुसा। इस जबरदस्त टक्कर से बैंक शाखा का मुख्य गेट और दीवार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि चालक को मामूली चोटें आई हैं। हादसे का मुख्य कारण ड्राइवर को नींद की झपकी आना माना जा रहा है। गनीमत यह रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई बड़ा जानी नुकसान नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का शिकार हुआ ट्रक चालक पंजाब के पातड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। वह सामान छोडने के लिए बुढलाडा गया हुआ था। वहां से लौटते समय या अपने अगले गंतव्य की ओर जाते वक्त जैसे ही उसका ट्रक जाखल के चंडीगढ़-बुढलाडा रोड पर पहुंचा, अचानक चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे वाहन पर से उसका नियंत्रण छूट गया और ट्रक सीधे मुथूट गोल्ड लोन ब्रांच के मुख्य गेट से जा टकराया। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।



फतेहाबाद। मुथूट गोल्ड लोन ब्रांच में घुसा बेकाबू ट्रक। *फोटो: हरिभूमि*

दुकान की आड़ में खेला जा रहा था जुआ, पांच पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी की टीम ने औद्योगिक क्षेत्र योग नगर स्थित एक किराना दुकान में चलाए जा रहे जुए के खेल का भंडाफोड़ करते हुए पांच व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 50 हजार 100 रुपये की जुआ राशि बरामद की है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी प्रभारी पीएसआई रजत के नेतृत्व में पुलिस टीम रतिया बाईपास क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।



फतेहाबाद। किराना दुकान में जुआ खेलते पकड़े गए पांचों युवक।

कंजकों को कराया भोजन...



सिरसा। दुर्गा अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कन्या पूजन किया। सुबह से ही घरों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के बाद छोटी कन्याओं को भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं के पैर धोकर तिलक लगाया और उन्हें हलवा, पूरी व चने का प्रसाद खिलाया।



लाल बत्ती चौक पर विरोध प्रदर्शन कर पुतले फूंकते युवा संगठनों के कार्यकर्ता।

फतेहाबाद में युवा संगठनों का प्रदर्शन, पीएम गृहमत्री और ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

फतेहाबाद। दिल्ली पुलिस की कथित बर्बरता, एसआईआर को तुरंत रद्द करने और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया और भारत की जनवादी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने फतेहाबाद के लाल बत्ती चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्र-युवाओं ने केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता पवन कुमार ने की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए नौजवान सभा के राज्य सचिव नरेश दनौदा ने दिल्ली पुलिस के दमन चक्र और शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में कथित तौर पर असामाजिक तत्वों के इस्तेमाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद कर रहे छात्र-युवाओं पर दिल्ली पुलिस की बर्बरता और दमनकारी नीतियां कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।



मंडियों में अभी 41,605 टन खरीदे गए धान का उठान बाकी

फतेहाबाद में 1825 किसानों के खातों में पहुंचे 35.75 करोड़, धान की लिफ्टिंग बनी चुनौती

- खरीद एजेंसियों और शैलर मालिकों की सुस्त रफ्तार से बढ़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

धान खरीद सीजन में जिले के 1825 किसानों के बैंक खातों में अब तक 35.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं, मंडियों से धान की लिफ्टिंग धीमी होने के कारण खरीद प्रक्रिया को गति देने की चुनौती बनी हुई है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की 18 अक्टूबर तक की रिपोर्ट के अनुसार, जिले की मंडियों में 1,69,354 टन धान की आवक हुई है। इसमें से 97,077 टन धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि 72,277 टन धान की खरीद होना बाकी है। खरीदे गए धान में से 41,605 टन का उठान लंबित है। शैलर मालिकों और खरीद एजेंसियों की सुस्त रफ्तार के चलते मंडियों में जगह खाली होने और आगे आने वाली फसल की खरीद सुचारु रखने को लेकर दबाव बढ़ रहा है।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में हुई धान की बम्पर आवक। *फोटो: हरिभूमि*

41 हजार टन से अधिक धान का उठान बाकी

जिले की मंडियों में खरीद के बाद भी बड़ी मात्रा में धान उठान के इंतजार में है। रिपोर्ट के अनुसार, अब तक खरीदे गए धान में से 41,605 टन का उठान नहीं हो पाया है। दूसरी ओर, 72,277 टन धान की खरीद होना बाकी है। लगातार आवक के बीच यदि उठान की रफ्तार नहीं बढ़ती तो मंडियों में जगह की कमी और खरीद कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को जिले की मंडियों में 14,582 टन धान पहुंचा। इसमें सबसे अधिक 6,204 टन आवक रतिया मंडी में दर्ज की गई। भूना मंडी में 2,592.2 टन, टोहाना में 2,302 टन, फतेहाबाद में 1,759.2 टन, धारसूल में 919.9 टन, भट्टूकलां में 653 टन और जाखल मंडी में 151 टन धान पहुंचा।

भूना मंडी में सबसे अधिक खरीद लंबित

मंडियों के आंकड़ों के अनुसार, भूना में 26,178 टन धान की खरीद होना बाकी है। रतिया में 21,537 टन, टोहाना में 9,126 टन, फतेहाबाद में 6,460.5 टन, भट्टूकलां में 4,147 टन, धारसूल में 4,025.6 टन और जाखल में 803 टन धान की खरीद लंबित है।

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
20 अक्टूबर 2026

सहेली

विशेष: विजय दशमी



विजय दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का, अधर्म पर धर्म की जीत का, अनीति पर नीति की जीत का और अन्याय पर न्याय की जीत का उत्सव है। उत्सव मनाने के साथ ही यह पर्व हर तरह की दुष्प्रवृत्ति का प्रतिकार करने का संदेश भी देता है। महिलाओं के लिए इस पर्व में निहित संदेश बहुत मायने रखते हैं। केवल अपने घर-परिवार में ही नहीं आस-पड़ोस और समाज में भी किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या अन्याय के प्रतिकार का सामर्थ्य हर महिला में अवश्य होना चाहिए।

जरूरी है बुराइयों के प्रतिकार का सामर्थ्य

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हमारे परंपरागत पर्व हर मोर्चे पर जीवन साधने की सीख लिए होते हैं। नवरात्र के नौ दिनों में मन की शक्ति जुटाने के बाद आने वाला विजय दशमी का पर्व बुराई के प्रतिकार का हौसला रखने का संदेश देता है। यह त्योहार अहंकार और आक्रामकता पर विनम्रता और अच्छाई की जीत का उत्सव है। प्रभु श्रीराम की विजय के इस पावन पारंपरिक पर्व पर महिलाएं भी व्यावहारिक जीवन में बुराइयों से जूझने का पाठ पढ़ सकती हैं। असल में किसी भी तरह की बुराई से लड़ने के लिए मन की शक्ति को साधने के साथ ही समझ और सूझ-बूझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना होता है। घर हो या बाहर, महिलाएं अपनी समझ, स्नेह और साथ-सहयोग के भाव संग हर तरह की नकारात्मक सोच, दुर्व्यवहार और दुष्प्रवृत्ति को मात दे सकती हैं।

स्पष्ट सोच और मजबूत मन

सबसे पहले तो हर स्त्री को खुद में, अपने ही जीवन से जुड़ी परेशानियों का प्रतिकार करने की सोच लानी होगी। उन समस्याओं के कारणों को समझना होगा। संबंधों से जुड़ी उलझनें हों या दूसरों के गलत व्यवहार से उपजी तकलीफें, हिम्मत के साथ दिलोदिमाग में स्पष्टता भी रखनी होगी। यूं भी जिंदगी के किसी भी मोर्चे पर मन-मस्तिष्क को मजबूत



बनाकर ही किसी बुराई से जूझा जा सकता है। सधी सोच हो, तो ही गलत बात का विरोध किया जा सकता है। नकारात्मकता से लड़ा जा सकता है। मुखर होकर अपनी बात कही जा सकती है। इसीलिए बात परिवार की हो या परिवेश की, सबसे पहले हालात को समझते हुए अपने दिलोदिमाग की उथल-पुथल को ठहराव दें। यह साफ समझें कि किसी तरह के बुरे बर्ताव, बोलचाल या बदसलूकी का विरोध करना है, तो करना है। इसमें अपना पराया न देखें। गलत को गलत कहने के लिए अपनी सोच स्थिर और स्पष्ट रखें। बुराई से लड़ने के मामले में एक बार कदम आगे बढ़ा लें तो पीछे ना हटें। यह तभी संभव है, जब अपनी सोच और मन मजबूत हो।

सहयोग लेने का रखें सहज भाव

प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध जीतने के लिए वानरों का भी सहयोग लिया। अधर्म से दूरी बनाकर निःस्वार्थ भाव से दिए गए विभीषण के मार्गदर्शन को मान दिया। माता सीता को वापस लाने की जद्दोजहद में विनम्रता के साथ सबकी सलाह सुनी। दूसरों के विचारों को मान दिया। महिलाओं को भी बुराइयों के प्रतिकार हेतु ऐसी ही सहज समझ रखनी चाहिए। किसी की सहायता करने के लिए बड़ा दिल रखना ही नहीं, सहायता लेने की खुली सोच रखना भी बुराई से लड़ने के लिए जरूरी है। पर्सनल फ्रंट हो या सामाजिक-पारिवारिक मोर्चा, बुराई से अकेले नहीं लड़ा जा सकता।

साथ, सहयोग देने और जुटाने का गुण हर मुश्किल और अमानवीय बुराई से जूझने के लिए जरूरी है। इसके लिए अहंकार से बचें। यहां तक कि किसी महिला का साथ देने के लिए पुरुष का सहयोग लिया जा सकता है। आपसी समझ अच्छी हो तो पति, बेटे, भाई या पिता, स्त्री जीवन से जुड़ी समस्या से लड़ने में भी आपके मददगार बन सकते हैं। कई बार मुश्किल वक्त में भी ईगो साथ लेने ही नहीं, सहयोग देने में भी खूब आड़े आता है। जबकि स्वयं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन समझाता है कि सभी को साथ लेकर चलने की सोच, घर से लेकर बाहर तक बड़े बदलाव लाने का माध्यम बनी है। बुराइयों से जूझने के दौर में संबल देने वाली साबित हुई है।



अच्छाई का साथ देने का सामर्थ्य

बुराई के प्रतिकार के साथ ही इसको जड़ें जमाने से रोकने के लिए भी अच्छाई का साथ देना जरूरी है। नेकी का परिवेश नकारात्मक को फलने-फूलने नहीं देता। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व, दशहरा भी यही समझाता है कि चाहे जितनी भी मुश्किलें आएं, विजय सच की ही होती है। सच्चाई के साथ अच्छाई के लिए लड़ना आसान हो जाता है। बुराई से जीतने की जंग कठिन होने पर भी उस पर चलने की हिम्मत बनी रहती है। सही बात का समर्थन करने का साहस बना रहता है। इसीलिए फायदे-नुकसान या मुश्किल-आसान के फेर में न पड़कर सच के साथ खड़ी रहें। घरेलू मामलों में कई बार सही-गलत का चुनाव मुश्किल हो जाता है। किसी एक पक्ष का साथ देने का दबाव भी रहता है। स्वतंत्र निर्णय लेने से रिश्तों में और उलझनें बढ़ने की फिक्र भी सताती है। पर याद रहे कि सही रास्ता चुनना और सही के साथ खड़े होने का गुण ही आपके सजग अस्तित्व का प्रतीक है।

दूरदर्शी सोच अपनाएं

ससुराल में बेटी के हिस्से आ रही बेवजह की तकलीफें हों या असुरक्षा के घेरे में फंसी आस-पड़ोस की कोई महिला, बहुत-सी स्त्रियां इन बातों-हालातों को समझती हैं, लेकिन साथ देने में जरा देर कर देती हैं। 'सब ठीक हो जाएगा' की सोच से बुराई के घाव अकसर नासूर बन जाने के बाद संभाले जाते हैं। समय रहते चेत जाने का गुण हर तरह की अनीति और अपराध से लड़ने का मुख्य हथियार है। छेड़छाड़ के दुर्व्यवहार की अनदेखी का नतीजा कई बार बर्बर घटना के रूप में सामने आता है। अपने बच्चों का बचपना लगने वाली दिशाहीनता, विरोध न किया जाए तो वे अपराध तक कर बैठते हैं। समय रहते सख्ती न बरती जाए तो बच्चे बुरी लत में फंस जाते हैं। देवरानी-जेठानी हों या घर के बड़े-बुजुर्ग छोटा-मोटा मनमुटाव रिश्तों में एक कटुता पैदा कर देता है। इसीलिए महिलाओं को समझना होगा कि सभी बुराइयों की शुरुआत बहुत आम से लगने वाले व्यवहार से होती है। एक सामान्य या मन को उद्वेलित करने वाला विचार हर तरह की नकारात्मकता की जड़ बन जाता है। जरूरी है कि स्त्रियां छोटी-छोटी बातों को लेकर भी सचेत रहें। विवेकशील सोच के साथ समस्याओं से जूझने के कदम उठाएं। समय रहते चेत जाएं तो परिवार हो या समाज, हर अनैतिक और असभ्य व्यवहार को पहले ही कदम पर रोका जा सकता है। दूरदर्शिता का गुण दुष्प्रवृत्ति से लड़ने के लिए बहुत जरूरी है। बुराई के जड़ें जमाने से पहले ही उखाड़ फेंकने के लिए भी यह दूरदर्शिता आवश्यक है।

अपनी बुराइयों के अंत के लिए बच्चों को ऐसे करें प्रेरित

नादान बच्चे अनजाने में कुछ बुरी आदतें अपना लेते हैं। इन बुरी आदतों को अभिभावक डांटकर नहीं, प्यार से सुधारें। उन्हें अच्छी आदतों के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही बड़े बच्चों के सामने अपना आचरण भी ऐसा रखें कि वे अच्छी बातें अपनाने के लिए प्रेरित हों।

बच्चे और आप
पूर्ति खरे



हर साल दशहरे पर बच्चे अपने माता-पिता के साथ रावण दहन देखने जाते हैं। जब बच्चे रावण के पुतले को जलते हुए देखते हैं, तो उनके मन में कई सवाल उठते हैं- रावण क्यों जलाया जाता है? अगर बुराई पर अच्छाई की जीत का नाम विजय दशमी है, तो अच्छाई और बुराई कैसे पहचानें? हम अच्छे कैसे बनें? आप बच्चों के मन में उठते इन सवालों का जवाब जरूर दें, उन्हें बताएं कि विजय दशमी में बुराई पर अच्छाई की जीत केवल राम और रावण की कहानी नहीं है, यह कहानी हमारी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ती है। यह हमारे लिए एक बड़ा सबक है। हम बच्चों को कैसे बुराइयों से दूर रखें, उन्हें अच्छा बनने के लिए प्रेरित करें, यहां विस्तार से जानिए

गलती स्वीकारना और सुधारना सिखाएं: बच्चा झूठ बोलता है, गुस्सा करता है या अपनी गलती स्वीकार नहीं करता, तो हम उसे जिद्दी, झूठा या बिगड़ैल कह देते हैं। लेकिन बच्चे को डांटने या बुरा कहने के बजाय उसके व्यवहार को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उसे समझाएं कि गलती किसी से भी हो सकती है, लेकिन उसे स्वीकार करना और सुधारना एक अच्छी बात है।



डांटकर नहीं, प्यार से समझाएं: मान लीजिए, बच्चे ने खेलते समय कोई सामान तोड़ दिया है। डर के कारण वह झूठ बोल देता है कि उसने नहीं तोड़ा। ऐसे में बच्चे को अपमानित करने के बजाय प्यार से पूछें, 'सच-सच बताओ, यह चीज टूटी कैसे। प्रॉमिस करो, आगे से ऐसी कोई हरकत नहीं करोगे, जिससे कोई नुकसान हो।' इससे बच्चा समझेगा कि सच बोलना, गलती छिपाने से बेहतर है।

तुलना नहीं, प्रोत्साहित करें: जब बच्चे के किसी दोस्त को अच्छे अंक मिलते हैं या भाई-बहन को कोई उपहार मिलता है, तो बच्चे के मन में ईर्ष्या के भाव आ सकते हैं। ऐसे में उसे डांटने के बजाय समझाएं कि किसी दूसरे की सफलता का मतलब हमारी हार नहीं है। किसी दूसरे बच्चे से तुलना करने के बजाय, उसको अच्छे प्रयास करने के लिए प्रेरित करें, उसके इस प्रयास के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वह अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना सीखें।

बातें सुनें और जिम्मेदारियां समझाएं: बच्चों के साथ बैठकर उनकी बात सुनें और उन्हें अपनी जिम्मेदारियां समझाएं। साथ ही अपने व्यवहार से भी वही उदाहरण प्रस्तुत करें, जिसकी अपेक्षा आप बच्चों से करते हैं। बच्चों में सही गलत बात की सीख और समझ जरूर विकसित करें। वह कभी किसी के दबाव में आकर कोई गलत काम ना करें, न ही किसी गलत बात का समर्थन करें। बच्चों को गलत बातों का विरोध करना भी सिखाएं। वे हमेशा सच्चाई का साथ दें, झूठ से दूर रहें।


सकारात्मक परवरिश का सार : क्यों न, इस विजय दशमी परिवार के सभी सदस्य अपनी एक बुरी आदत खत्म करने का संकल्प लें। जैसे- बच्चा कहे कि वह गलती होने पर सच-सच बताएगा। माता-पिता संकल्प लें कि वे गुस्से में ऊंची आवाज में नहीं बोलेंगे। पैरेंट्स भी उन बुरी आदतों को छोड़ेंगे, जिनके लिए अपने बच्चों को रोकते-टोकते हैं। सप्ताह के अंत में परिवार के सभी सदस्य बैठकर आपस में चर्चा करें कि कौन, कितना अपना संकल्प अमल में लाया। कोई गलती होने पर गुस्साने के बजाय बच्चों को सुधारने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को यह भी समझाएं कि दूसरों का मजाक उड़ाना या किसी कमजोर को परेशान करना सही नहीं है। यदि वे किसी को दुःख पहुंचाते हैं, तो उनसे माफी मांगे और अपनी गलती सुधारें। जिस दिन बच्चा अपनी गलती पहचानकर उसे सुधारने की कोशिश करना सीख जाता है, उसी दिन बुराइयों पर अच्छाई की जीत शुरू हो जाती है। ऐसी ही छोटी-छोटी जीतें मिलकर एक संवेदनशील और जिम्मेदार इंसान बनाती हैं। यही विजय दशमी की सच्ची सीख है, यही सकारात्मक परवरिश का सार भी है।

दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक तो है ही। यह पर्व प्रतीकात्मक रूप में महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने के लिए भी प्रेरित करता है, नई पीढ़ी को संस्कारित भी करता है।

महिलाओं के लिए शक्ति आह्वान संस्कार पोसने का पर्व है दशहरा

पर्व-संदेश
वीरेंद्र बहादुर सिंह

दशहरा यानी विजय दशमी, बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व तो है ही, साथ ही महिलाओं के लिए दशहरा अपने भीतर छिपी शक्ति को पहचानने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और नई पीढ़ी को संस्कारित करने का अवसर भी है।



नारी शक्ति का प्रतीक देवी दुर्गा: विजय दशमी से जुड़ी देवी दुर्गा और महिषासुर की कथा, नारी शक्ति का सबसे प्रभावशाली प्रतीक मानी जाती है। इस कथा का संदेश आज भी प्रासंगिक है। महिला चाहे गृहिणी हो, नौकरीपेशा हो, व्यवसायी हो या किसी अन्य क्षेत्र में कार्यरत हो, उसके भीतर परिस्थितियों से संघर्ष करने और परिवार को संभालने की अद्भुत क्षमता होती है।



बच्चों को देती हैं संस्कार: बच्चों को रामायण की कथा सुनाना, सत्य-धर्म का महत्व समझाना तथा बड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी हमारी माताओं और दादियों की परंपरा का हिस्सा रहा है। इस तरह महिलाएं त्योहार के माध्यम से संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाती हैं। आज इस बात की बहुत जरूरत है कि बच्चों (खासतौर पर बेटियों) को केवल त्योहारों की पूजा-पद्धति न सिखाई जाए, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता, शिक्षा, आत्मरक्षा, निर्णय लेने की क्षमता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का संस्कार भी दिया जाए। दशहरा हमें सिखाता है कि शक्ति का अर्थ केवल बाहरी सामर्थ्य नहीं, बल्कि सही और गलत के बीच अंतर समझना है।

करें आत्मचिंतन: दशहरे पर घर में पूजा, दीप प्रज्ज्वलन, शंखनाद और आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो जाता है। लेकिन त्योहार की सार्थकता तब और बढ़ती है, जब पूजा के साथ आत्मचिंतन भी किया जाए। आप स्वयं से पूछ सकती हैं कि क्या मैं अपने लिए भी समय निकालती हूं? कहीं मैं आत्मसम्मान से समझौता तो नहीं कर रही? इन सवालों के जवाब आपको आत्मसुधार के लिए प्रेरित करेंगे।

चुनौतियां से लड़ने की प्रेरणा: रावण के दस सिर को यदि प्रतीकात्मक रूप से देखें, तो वे अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और अन्य नकारात्मक प्रवृत्तियों की याद दिलाते हैं। महिलाओं के जीवन में भी कई प्रकार की सामाजिक और मानसिक चुनौतियां आती हैं। भेदभाव, असुरक्षा, रूढ़ियां, आत्मविश्वास की कमी और दूसरों की अपेक्षाओं का दबाव जैसी नकारात्मकताओं पर विजय पाने की प्रेरणा भी यह पर्व देता है।

वास्तविक विजय का अर्थ: दशहरा इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह आपको अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने का अवसर देता है। इस दिन अपने भीतर के डर, हीनभावना, क्रोध या आत्मविश्वास की कमी को भी दूर करने का संकल्प लें, तो विजय दशमी पर्व का संदेश और सार्थक हो सकता है।


फेस्टिव सीजन के लिए परफेक्ट है मिनरल मेकअप

मेकअप
प्रीति गुप्ता

जब बात फेस्टिव सीजन में सजने-संवरने की आती है, तो महिलाएं खूबसूरत दिखने के लिए खूब चाव से मेकअप करती हैं। जहां पहले के दौर में फेस्टिव मेकअप में हैवी फाउंडेशन, कंसीलर और कई लेयर वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल ज्यादा किया जाता था, वहीं अब नेचुरल और लाइट मेकअप का ट्रेंड पसंद किया जा रहा है। इसी वजह से मिनरल मेकअप भी महिलाओं के बीच पॉपुलर हो रहा है। इसमें चेहरे को बहुत ज्यादा ढंकने के बजाय त्वचा की नेचुरल खूबसूरती को बनाए रखने पर जोर दिया जाता है।

त्वचा को करें तैयार: मिनरल मेकअप का अच्छा लुक पाने के लिए पहले पहले स्किन की तैयारी जरूरी है। चेहरे को साफ करने के बाद अपनी स्किन टाइप के अनुसार मॉयश्चराइजर लगाएं। दिन में फंक्शन है तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। अच्छी तरह मॉयश्चराइज की गई त्वचा पर मेकअप ज्यादा स्मूद दिखाई देता है।

मिनरल फाउंडेशन करें यूज: अगर आप मिनरल फाउंडेशन या मिनरल पावडर इस्तेमाल कर रही हैं, तो इसकी बहुत मोटी लेयर लगाने से बचें। जहां जरूरत हो, वहीं हल्की मात्रा में लगाएं। इसका उद्देश्य आपकी रंगत को थोड़ा समान दिखाना है। इससे चेहरा नेचुरल नजर आएगा।



कंसीलर सिर्फ जरूरत वाली जगह लगाएं: त्योहारों के मेकअप में आंखों के नीचे हल्के डार्क सर्कल या छोटे दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर लगाया जा सकता है। लेकिन पूरे चेहरे पर इसकी मोटी परत लगाने की जरूरत नहीं है। कम प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से मेकअप ज्यादा नेचुरल ही नहीं अधिक आकर्षक भी दिखाई देता है।

आंखों को दें सॉफ्ट टच: आंखों के लिए बहुत ज्यादा गहरा मेकअप करने के बजाय ब्राउन, गोल्डन या सॉफ्ट शिमरी शेड चुन सकती हैं। पतली आईलाइनर लाइन और हल्का सा मस्कारा आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए काफी है। अगर शाम का फंक्शन है, तो आंखों के अंदरूनी कोने पर हल्का शिमर लगाया जा सकता है।

ब्लश से मिलेगी फ्रेशनेस: मिनरल मेकअप में ब्लश का इस्तेमाल चेहरे को फ्रेश और हेल्दी लुक देने के लिए किया जाता है। पीच, सॉफ्ट पिंक या रोजी शेड के ब्लश, त्योहारों के लिए अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ब्लश को गालों पर हल्के हाथों से लगाएं ताकि ब्लश का शेड ज्यादा गहरा न दिखे।

होंठों पर सॉफ्ट कलर: मिनरल मेकअप के साथ होंठों पर न्यूड, रोज, पीच या सॉफ्ट ब्राउन शेड खूबसूरत लग सकते हैं।

हाईलाइटर: सबसे लास्ट में चीकबोंस, नाक के ऊपरी हिस्से और आंखों के अंदरूनी कोने पर थोड़ी मात्रा में हाईलाइटर लगाएं।

(ब्यूटी एक्सपर्ट सिमरन अरोड़ा से बातचीत पर आधारित)

त्योहारों में जरूरी है खुद की देखभाल

त्योहार अपनों के साथ खुशियां मनाने के लिए होते हैं, खुद को थकाकर बीमार करने के लिए नहीं। जब आप अपना ध्यान रखेंगी, देखभाल करेंगी, तभी त्योहारों का असली आनंद ले पाएंगी।

सेल्फ केयर
पारुल अग्रवाल मित्तल

पर्व-त्योहार खुशियां लेकर जरूर आते हैं, लेकिन इन दिनों घर की महिलाओं के काम बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं। घर की साफ-सफाई, खरीदारी, पकवान बनाना और मेहमानों की खातिरदारी का सारा बोझ उन पर ही होता है। इससे अकसर महिलाएं तनाव में आ जाती हैं, इसे मेडिकल भाषा में फेस्टिव बर्नआउट हैं। इसलिए त्योहारों पर कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

अपने आपको न भूलें: त्योहारों में महिलाओं की जिम्मेदारियां बहुत बढ़ जाती हैं। वे यह भूल जाती हैं कि त्योहार की खुशी में उनका अपना हिस्सा भी उतना ही जरूरी है, जितना बाकी सबका। इसलिए इस बार त्योहार की तैयारी में अपने आपको भूलें नहीं, त्योहार की खुशी का हिस्सा बनें।

अपने लिए सजे-संवरें: त्योहार पर सजना-संवरना सिर्फ दूसरों की खुशी के लिए नहीं, अपनी खुशी के लिए भी जरूरी है। आप अपनी पसंद की ड्रेस पहनें, बाल संवारें, मेकअप करें, अपनी पसंद की कोई एसेसरी पहनें। ये सब अपने आपको खुशी देते हैं। त्योहार पर आईने में खुद को देखकर मुस्कुराना आत्मविश्वास बढ़ाता है। इस आत्मविश्वास की एक अलग ही खुशी महसूस होती है।



मुस्कुराता हुआ हो आपका चेहरा: त्योहारों की रोशनी सिर्फ घर के दीयों से ही नहीं, घर के लोगों के मुस्कुराते चेहरों से भी आती है। इस रोशनी में सिर्फ आपका मुस्कुराता चेहरा ही नहीं, परिवार के बाकी सदस्यों का चेहरा भी मुस्कुराता हुआ होना जरूरी है। इसलिए इस त्योहार घर की सफाई करते हुए अपने मन की थकान भी हमेशा साफ रखें। त्योहारों की छोटी-सी सेल्फ-केयर है, काम का बेहतर बंटवारा। इससे आपको खुशी मिलेगी और घर में खुशनुमा माहौल भी बनेगा।

स्वाद के साथ सेहत का भी रखें ख्याल: त्योहारों पर अधिक मिठाइयां और तला-भुना खाना शरीर पर भारी पड़ सकता है। इसके लिए डाइट को बैलेंस करें। एक टाइम हैवी डाइट ली है, तो दूसरे टाइम कुछ लाइट खाएं। बार-बार चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक्स से बचें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीती रहें। भोजन में फल, सलाद और हल्का खाना शामिल करें। त्योहार की खुशी अगले दिन भारीपन, एसिडिटी या थकान में न बदल जाए, इसका ध्यान रखना अपनी देखभाल का हिस्सा है।

पर्याप्त नींद लें: त्योहारों की तैयारियों में अकसर रात देर तक जागना और सुबह जल्दी उठना सामान्य सी दिनचर्या हो जाती है। कुछ जिम्मेदारियां परिवार के दूसरे सदस्यों को भी दें और अपनी नींद को प्राथमिकता दें। इससे आप अपना फ्रेश फील करेंगी।

काम के बीच लेती रहें ब्रेक

जब आप लगातार काम करती हैं, तो शरीर और दिमाग दोनों थक जाते हैं। ऐसे में त्योहारों से पहले अपने सभी कामों की सूची बना लें। कोशिश करें कि आप कामों के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लें। इस दौरान चाय-कॉफी के साथ कुछ देर शांत बैठना, थोड़ी देर टहलना, संगीत सुनना या फिर बस आंखें बंद करके आराम करना भी पर्याप्त है, इससे आपके शरीर को ऊर्जा मिलेगी और चेहरे पर ताजगी बनी रहेगी।



खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए ट्रायल कल

सिरसा। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ को लेकर पुरुष एवं महिला ओपन कैटेगरी में 30 खेलों का आयोजन किया जाएगा। इनमें से 25 खेलों के ट्रायल लिए जा चुके हैं, जबकि शेष पांच खेलों के ट्रायल जिला स्तर पर 21 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। कार्यकारी जिला खेल अधिकारी डॉ. सीमा छोक्कर ने बताया कि शेष पांच खेलों में थ्रोबॉल, बेसबॉल, रोइंग, शूटिंग और टेबल टेनिस शामिल हैं। इन सभी खेलों के ट्रायल शहीद भगत सिंह स्टेडियम, सिरसा में होंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र और परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रतियां अवश्य लेकर आएं।

महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जेजेपी कल सौंपेगी ज्ञापन

सिरसा। जननायक जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की ओर से 21 अक्टूबर को विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर उपायुक्त सिरसा को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला कार्यालय सचिव हरिसिंह भारी व प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि जेजेपी जिला कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारी व सदस्य 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जेजेपी कार्यालय, सिरसा में एकत्रित होंगे और वहां से उपायुक्त कार्यालय जाकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे। उक्त पदाधिकारियों ने बताया कि जेजेपी जिन मुद्दों के प्रति गंभीर है उनमें गेहूं का समर्थन मूल्य महज 25 रुपए न बढ़ाकर इसमें उचित बढ़ौतरी की जाए।

युवक 6.36 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

सिरसा। शहर थाना सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान लक्खी तालाब मोहल्ला सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 6 ग्राम 36 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। शहर थाना सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान लक्खी तालाब मोहल्ला सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखते ही अचानक वापस मुडक़र भागने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने शक के आधार पर युवक को काबू कर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6 ग्राम 36 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

42,797 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

सिरसा। जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 42,797 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 15,110 मीट्रिक टन, हैफेड ने 19,460 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 8,227 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। खरीद के साथ-साथ मंडियों से धान का उठान भी जारी है। अब तक कुल 23,159 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है, जबकि शेष की उठान प्रक्रिया जारी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि जिले में कुल 5,620 किसानों की धान की फसल की खरीद की गई है।

भाजपा जिला कार्यालय में हुआ कन्या पूजन

फतेहाबाद। श्री दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कन्याओं का विधिवत पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना गया है। कन्या पूजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि नारी शक्ति के प्रति आदर, सम्मान और श्रद्धा प्रकट करने का पवित्र माध्यम है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा शक्ति, साहस, करुणा और ममता की प्रतीक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज में बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने का संकल्प लेना चाहिए।

महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, 18 गोत्रों के स्वागत द्वारों से सजा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अग्रवाल समाज फतेहाबाद की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, भव्यता और सांस्कृतिक उत्साह के साथ शानदार ढंग से संपन्न हो गया। इस अवसर पर शहर में निकाली गई अलौकिक शोभायात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें समाज के सैंकड़ों बंधुओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। रंग-बिरंगे स्वागत द्वारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा शहर महाराजा अग्रसेन की भक्ति में सराबोर नजर आया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके उपरांत, प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा को अग्रवाल सभा के प्रधान सुभाष गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जोकि महाराजा अग्रसेन चौक होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी। इस दौरान चौक पर समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन द्वारा दिखाए गए मार्ग पर निष्ठापूर्वक चलने का सामूहिक संकल्प लिया। यात्रा के मार्ग में शहरभर में अग्र समाज के 18 गोत्रों के नाम पर विशेष स्वागत द्वार सजाए गए थे। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर इस यात्रा का स्वागत किया।



फतेहाबाद। शहर में निकाली गई शोभा यात्रा में भाग लेते अग्रवाल समाज के लोग। फोटो: हरिभूमि

श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में मुख्य कार्यक्रम

शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई शिवालय मार्केट स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला पहुंची, जहां मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया व संरक्षक वेद मंगल ने सभी अतिथियों और समाजबंधुओं का स्वागत किया। समारोह में अतिथियों के रूप में अनिल गोयल डायरेक्टर क्यूबस लाइफस्पेसिस, उद्योगपति अशोक बंसल नाभा वाले, अजय जिंदल- जिंदल राइस मिल, सतीश गोयल, एडवोकेट रविन्द्र तायल, विनोद बंसल केपी, युवा उद्योगपति राहुल गोयल, युवा समाजसेवी नितिन मोदी, रतिया अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद गर्ग, अग्रवाल सभा के सचिव सुरेन्द्र मित्तल, जिला न्यायवादी देवेन्द्र मित्तल ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम के शानदार आयोजन पर अग्रवाल समाज की पूरी टीम को बधाई दी। मंच संचालन महाप्रबंधक संजय जैन व सचिव ललित गोयल ने किया। प्रैस प्रवक्ता मुकेश बंसल व प्रैस सचिव अनिल गोयल के मार्गदर्शन में निकाले गए इस ड्रा के माध्यम से 31 भाग्यशाली लोगों को चांदी के सिक्के उपहारस्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान समाज और विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य करने वाले अग्रबंधुओं को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से 21 बार या उससे अधिक रक्तदान करने वाले महादानी रक्तदाताओं, हाल ही में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं, तथा शिक्षा, खेल व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया गया।

नवरात्र महोत्सव : दुर्गा अष्टमी कंजकों की पूजा कर लिया आशीर्वाद

इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 108 कंजकों को करवाया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरिभूमि न्यूज, । जिलाभर में नवरात्र पर्व की दुर्गा अष्टमी पर सोमवार को व्रतधारियों ने नवरात्रा के समापन अष्टमी पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन करवाकर दान दक्षिणा देकर विदा किया। वहीं इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 59वें नवरात्रा महोत्सव के समापन पर हवन किया गया व 108 कन्याओं की पूजा अर्चना के बाद भोजन करवाया गया।

नोहरिया बाजार की गली गोलछांवाली स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में नवरात्रा महोत्सव के समापन अवसर पर हवन यज्ञ किया गया। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा व जगदीश दायमा ने विधि-विधान से हवन यज्ञ संपन्न करवाया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर विश्व शांति की कामना की। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने मंदिर में मां भगवती की आरती की।

उसके बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं द्वारा 21 अखंड ज्योत स्थापित की गई थी। आज नवरात्रा समापन पर 108 कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें भोजन करवाकर श्रद्धालुओं ने दक्षिणा देकर विदा किया। वहीं सालासर धाम मंदिर में भी नवरात्रों के समापन पर हवन यज्ञ किया गया।

सोमवार सुबह नवरात्रा की अष्टमी पर व्रतधारी महिलाओं ने नवरात्रा के समापन पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर मां दुर्गा को भोज्य पदार्थों का भोग लगाया। बाद में व्रतधारियों ने कंजकों की पूजा अर्चना कर उन्हें भोजन करवाकर दान दक्षिणा देकर उनके पांव छूकर उसने आशीर्वाद लेकर विदा किया।



सिरसा। नवरात्रों के समापन पर इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में कीर्तन करते हुए श्रद्धालु महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

शनि धाम में की गई पूजा

नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनि धाम मंदिर में नवरात्र उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार को नवमी के दिन प्रातः विधि विधान से माता रानी का पूजन हुआ। मंदिर पुजारी द्वारा माता रानी की पूजा व आरती की गई। तत्पश्चात कंजक पूजन हुआ। श्रद्धालुओं ने माता रानी को हलवा, छोले, पूड़ी, नारियल इत्यादि का भोग लगाया और लाल चुनरी भेंट की। बाद में कन्याओं के चरण धोए और उनका आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात उन्हें भोजन, प्रसाद, उपहार व दक्षिणा देकर विदा किया गया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी दीपक भार्गव, सुरजीत, राजकुमार व अन्य मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



मेगा हेल्थ कैंप में 162 की निःशुल्क जांच

फतेहाबाद। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की मेडिकल विंग द्वारा मॉडल टाऊन, पुराना बस स्टैंड के नजदीक स्थित आईक्यू पूनम आंखों के अस्पताल के प्रांगण में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शहर व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे 162 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। कैंप के दौरान मरीजों की आंखों, दांतों और हड्डियों की गहन जांच की गई तथा उन्हें उचित परामर्श व निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। कैंप में विशेष तौर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा एवं प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ उपस्थित रहे, जिन्होंने इस जनहितैषी पहल की सराहना की। मेगा हेल्थ कैंप में शहर के जाने-माने विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें प्रसिद्ध आई सर्जन डॉ. राजेश बत्रा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अवतार बजाज, डैंटल सर्जन डॉ. साक्षी मदान, डॉ. सुभाष मेहता एवं डॉ. सुमन बजाज शामिल रहे।



राजकीय विद्यालय में हुई युवा संसद प्रतियोगिता

सिरसा। जिला के गांव नटार के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे सोमवार को जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मार्शल, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सहित अनेक सांसद बनकर एक घंटे तक अभिनय करके संसद की कार्यप्रणाली को चलाया। युवा संसद के आयोजन में देश की मुख्य समस्याओं के मुद्दे रखे गए व उन पर तीखी बहस, प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विशेषाधिकार हनन, प्रस्ताव, काम रोको प्रस्ताव, कानून बनाने की प्रक्रिया सहित अनेक प्रस्तावों पर विचार विमर्श करके संसद में पास किए गए। प्रतियोगिता की तैयारी राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता नमिता कंबोज व स्टाफ सदस्यों के सहयोग से की गई।



इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला की सालासर बालाजी पदयात्रा श्रद्धा-भक्ति के साथ पूर्ण

फतेहाबाद। इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला की 10 अक्टूबर से शुरू होकर 19 अक्टूबर तक लगातार चलने वाली श्री सालासर बालाजी महाराज की पावन पैदल यात्रा आज बाबा के दिव्य दर्शन और पूजा-अर्चना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस धार्मिक यात्रा में सुनैना चौटाला पूरे संघ के साथ पूरी श्रद्धा, आस्था और अटूट विश्वास के साथ शामिल रहीं। यह पैदल यात्रा महज एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि बाबा सालासर बालाजी महाराज के प्रति अटूट समर्पण और विश्वास का जीवंत प्रतीक रही। लगातार कई दिनों तक पैदल चलते हुए श्रद्धालुओं ने बाबा का निरंतर जयकारा लगाते हुए अपनी इस कठिन और पवित्र यात्रा को पूरा किया। आज 19 अक्टूबर को सालासर धाम पहुंचकर सभी ने बालाजी महाराज के चरणों में शीश नवाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि सुनैना चौटाला पिछले सात वर्षों से लगातार इस पावन पैदल यात्रा में पूरे संघ के साथ शामिल होती आ रही हैं। उनकी यह गहरी धार्मिक आस्था, जनसेवा की भावना और परंपराओं के प्रति अटूट समर्पण हमेशा से श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा रहा है। यात्रा के दौरान उन्होंने बाबा सालासर बालाजी महाराज के दरबार में प्रदेश और देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 10 दिनों तक चली इस पावन पैदल यात्रा के दौरान रास्ते में विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला एवं उनके पूरे जत्थे का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

तीन खिलाड़ियों ने गतका में जीते पदक



ओढ़ां। राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढ़ां

दशमेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल चोरमार के तीन गतका खिलाडिय़ों ने 10वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर स्कूल और हरियाणा राज्य का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष विभिन्न खेलों में स्कूल के 12 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तथा 34 खिलाड़ी राज्य स्तर पर खेल चुके हैं। इन खिलाडिय़ों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए स्कूल में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप के दौरान नवजोत कौर ने अंडर-11 वर्ग के सिंगल सोटी व्यक्तिगत मुकाबले में कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार हरमनजोत सिंह और प्रभनीत सिंह ने अंडर-11 वर्ग के सिंगल सोटी टीम मुकाबले में रजत पदक हासिल किए। तीनों खिलाडिय़ों ने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर लौटे खिलाडिय़ों का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तर पर विभिन्न खेलों में स्कूल का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाडिय़ों को भी सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन ने खिलाडिय़ों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। इस अवसर पर बाबा गुरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर खिलाडिय़ों ने स्कूल और हरियाणा का नाम रोशन किया है। उन्होंने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करने और नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।



समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

सिरसा। सिरसा के लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेंद्र कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में कुल 20 शिकायतें आई। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि आमजन की शिकायतों का मौके पर या निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान हो और लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं।

सालासर धाम के लिए पदयात्रा जत्था रवाना



भट्टूकलां। गांव रामसरा से सोमवार सुबह श्री बालाजी पैदल यात्रा संघ का 25 श्रद्धालुओं का जत्था सालासर धाम के लिए भक्तिभाव के साथ रवाना हुआ। यात्रा की शुरुआत तडक़े 5 बजे गांव के मुख्य मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और विशेष आरती के साथ की गई। इस दौरान पूरा गांव 'जय श्री राम' और 'जय श्री बालाजी' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। पूजा-अर्चना के पश्चात ग्रामीणों ने पैदल यात्रियों को तिलक लगाकर व फूल-मालाएं पहनाकर मंगल यात्रा की शुभकामनाओं के साथ भाव विदा किया। यात्रा रवानगी के अवसर पर प्रधान कृष्ण राठौड़ ने कहा, सालासर बालाजी महाराज की कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव से श्रद्धालुओं का जत्था सालासर धाम के लिए निकला है। इस प्रकार की पदयात्राओं से न केवल धार्मिक चेतना का संचार होता है, बल्कि गांव में आपसी भाईचारा, शांति और सामाजिक समरसता भी मजबूत होती है। सरपंच प्रतिनिधि पवन बंसल ने यात्रा के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, सालासर बालाजी के दर पर पैदल जाकर हाजिरी लगाना परम सौभाग्य की बात है।

जागरूकता | बिना जांच-पड़ताल किसी अनजान व्यक्ति या बिचौलिए पर भरोसा न करें

सिरसा पुलिस ने आमजन को ऐसे ठग गिरोहों से सतर्क रहने की सलाह दी

साइबर ठग मैट्रिमोनियल साइटों पर भोले लोगों को लगा रहे चूना: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



जिला पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने जिलावासियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि शादी के लिए रिश्ता तलाश रहे लोगों को अब पहले से ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं, जो भोले लोगों को अपने जाल में फंसाकर लाखों रुपए की चपत लगा रहे हैं। सिरसा पुलिस ने आमजन को ऐसे गिरोहों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए विशेष एडवाजरी जारी करते हुए कहा है कि शादी जैसे महत्वपूर्ण फैसले में जल्दबाजी न करें और बिना जांच-पड़ताल किसी अनजान व्यक्ति या बिचौलिए पर भरोसा न करें।

व्हाट्सएप ग्रुप से जुटाते हैं कुंवारे युवकों का बायोडाटा

पुलिस अधीक्षक ने एडवाजरी में बताया है कि गिरोह के सदस्य गांवों में बिचौलियों के रूप में सक्रिय होकर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कुंवारे युवकों का बायोडाटा जुटाते हैं। इसके बाद शादी करवाने के नाम पर दो से पांच लाख रुपए तक की मांग की जाती है। शादी होने के कुछ दिन बाद कथित दुल्हन सोने के गहने, महंगे मोबाइल, कपड़े और अन्य सामान की मांग करने लगती है। बाद में मायके जाने का बहाना बनाकर नकदी और कीमती सामान लेकर फरार हो जाती है तथा मोबाइल सिम बंदकर संपर्क तोड़ देती है।

मैट्रिमोनियल साइटों पर भी बिछा रखा है ठगी का जाल

एसपी दीपक सहारण ने कहा कि ऑनलाइन रिश्ते तलाशने वालों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साइबर ठग मैट्रिमोनियल साइटों और सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों से संपर्क करते हैं। कई बार वे खुद को आईएएस, आईपीएस, सीबीआई अधिकारी, प्रोफेसर या किसी बड़े पद पर कार्यरत बताकर सामने वाले का विश्वास जीतते हैं। इसके बाद भावनात्मक संबंध बनाकर रुपए मांगने लगते हैं। कभी आपात स्थिति, महंगे उपहार, यात्रा या अन्य बहानों से पैसे ऐंठे लेते हैं। ऐसे में केवल फोटो, पद या आकर्षक प्रोफाइल देखकर रिश्ता तय करना भारी पड़ सकता है।

बिचौलियों की पहचान की करें जांच: एसपी

पुलिस अधीक्षक ने आमजन को सलाह दी है कि रिश्ता तय करने से पहले संबंधित व्यक्ति और उसके परिवार की पहचान, स्थायी पते तथा उपलब्ध दस्तावेजों का सत्यापन जरूर करें। अनजान बिचौलियों को बिना पुष्टि रकम न दें। व्हाट्सएप चैट, फोटो, मोबाइल नंबर और भुगतान से जुड़े साक्ष्य सुरक्षित रखें। उन्होंने आमजन को सतर्क किया कि शादी के नाम पर धोखाधड़ी होने पर डायल 112 या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें। ऑनलाइन शिकायत के लिए भी संपर्क किया जा सकता है।



श्री दुर्गा सेवा मंडल ने स्थापना दिवस मनाया

ओढ़ां। श्री दुर्गा सेवा मंडल ओढ़ां के 58वें स्थापना दिवस पर समस्त गांववासियों के सहयोग से माता रानी के जागरण का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर ओढ़ा में किया गया। जागरण का शुभारंभ बालाजी भजन मंडल सिरसा के प्रकाश जिंदल ने श्री गणेश वंदना सहित जो खेल गए प्राणों पर, चलो बुलावा आया है सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए किया गया। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायिका इंदु बांसल ने मैने तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैय्या डार दई, पवन गोयल ने मईया नवरात्रि में जब धरती पर आती है और रंग बरसे, प्रियंका सिडाना ने तू भीख न देगी तो मैं शोर मचा दूंगी, युधिष्ठर सैनी ने जय जय जय बजरंग बली, अशोक शर्मा ने मैनू आदत पै गई है, विष्णु शर्मा ने रंग दे ललारिया और मेरी अखियों के सामने ही रहना, श्याम सुंदर ने कारोबार मेरो बालाजी चलावे भजनों की प्रस्तुति दी। नरेश सिडाना ने कथा के रूप में तारा रानी का पवित्र इतिहास सुनाया। ज्योति का प्रज्वलन देवी रूप कन्या के हाथों किया गया तथा माता रानी का मासिक भंडारा भी लगाया गया।

खबर संक्षेप



46.65 ग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

रानियां। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त के दौरान गांव करीवाला क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 46 ग्राम 65 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गांव करीवाला क्षेत्र में गश्त और वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 46 ग्राम 65 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान जसपाल उर्फ पाला पुत्र सदा सिंह निवासी गांव करीवाला के रूप में हुई है।

बीकेई ने मानसा धरने को दिया समर्थन

सिरसा। परविंद्र सिंह झोटा की नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने पर हुई हत्या के मामले में इंसाफ दिलाने के उद्देश्य से भारतीय किसान एकता बीकेई के नेतृत्व में सिरसा तथा फतेहाबाद जिले से किसानों और युवाओं का काफिला मानसा धरने पर पहुंचा और धरने को अपना पूर्ण समर्थन दिया। बीकेई अध्यक्ष लखविंद्र सिंह ने कहा कि परविंद्र सिंह झोटा दूसरों के बच्चों को नशे की दलदल से बचाते-बचाते अपने छोटे-छोटे बच्चों को अनाथ कर गया। उनके इस महान त्याग के कारण आज समाज जागरूक हो रहा है।

एसपी ने डीएवी पुलिस स्कूल में किया रावण दहन

भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाएं: खट्टर



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में आयोजित दशहरा उत्सव में भाग लेते विद्यार्थी व एसपी निकिता खट्टर को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्या महिमा तनेजा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में दशहरा पर्व हर्षोल्लास, उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी निकिता खट्टर ने शिरकत की। उन्होंने रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा, सत्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा को प्रस्तुत करते हुए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने अद्भुत रामलीला प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। रामलीला में श्रीराम के वनवास, सीता हरण, हनुमान जी की भक्ति, लंका विजय और रावण वध जैसे प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। रामायण के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि अहंकार, असत्य, लोभ और अन्याय का अंत निश्चित है तथा सत्य एवं सदाचार सदैव विजयी होते हैं। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय, संवाद, वेशभूषा और भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि एसपी निकिता खट्टर ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा सत्य, अनुशासन, नैतिकता और जिम्मेदारी के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दशहरा केवल रावण के पुतले का दहन करने का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर की बुराइयों को पहचानकर उन्हें दूर करने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने, कठिनाइयों से घबराकर हार न मानने और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने का संदेश दिया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा रावण दहन किया गया। रावण के पुतले के दहन के साथ ही पूरा वातावरण 'जय श्री राम' के जयघोष से गूँज उठा। रावण दहन ने सभी को यह संदेश दिया कि हमें अपने जीवन से अहंकार, असत्य, बुराई और नकारात्मकता को दूर कर सत्य, धर्म और सदाचार को अपनाना चाहिए।

गांधी विद्या मंदिर स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा

फतेहाबाद। सेक्टर 12 स्थित गांधी विद्या मंदिर स्कूल में दशहरा पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था की झलक पेश करते हुए बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा 10वीं की रुचिका और कक्षा 9वीं की वंशिका ने किया। कक्षा पहली और दूसरी की छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया। कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों ने रामायण का मंचन किया, जिसमें तरुण ने भगवान श्रीराम की भूमिका निभाई। वहीं, कक्षा पांचवीं की छात्राओं ने 'राम सिया राम' भजन पर आकर्षक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में भक्ति का रंग भर दिया। प्रधानाचार्य सुशील शर्मा और भगवान श्रीराम की भूमिका निभाने वाले तरुण ने रावण दहन किया।



पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल में राम नवमी और दशहरे पर बुराई का किया दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में पूरे सप्ताह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान माँ दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की वेशभूषा धारण कर उनकी महिमा का सुंदर प्रदर्शन किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नारी शक्ति के महत्व से परिचित करवाया गया। राम नवमी के पावन अवसर पर विद्यालय में रामायण पर आधारित एक भव्य नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने राजा दशरथ, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, रावण और हनुमान जी की भूमिका निभाते हुए अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने भगवान श्रीराम के वनवास, माता सीता के हरण और श्रीराम-रावण युद्ध सहित रामायण के प्रमुख प्रसंगों का जीवंत मंचन किया। कार्यक्रम के अंत में रावण दहन किया गया। इस वर्ष रावण दहन को एक अनूठा और संदेशपरक रूप दिया गया। पारंपरिक रावण के स्थान पर गुब्बारों से बने रावण का दहन किया गया। इन गुब्बारों पर विभिन्न बुराइयों के नाम लिखे गए थे। बच्चों ने एक-एक करके इन गुब्बारों को फोड़ते हुए बुराइयों के अंत और अच्छाई की जीत का संदेश दिया। इस अनूठी गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को सत्य, सदाचार और नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा बुराइयों का त्याग करने के लिए प्रेरित किया गया।

अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में रावण दहन, विद्यार्थियों को दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

फतेहाबाद। अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल में दशहरे के पावन अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावण का पुतला स्कूल आर्ट अध्यापिका रिया सरदाना के द्वारा बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। विद्यालय के डायरेक्टर अमित मक्कड़ एवं प्रिंसिपल मोहित अनेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा हमें अपने भीतर छिपे अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और अन्य बुराइयों को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने, सत्य के मार्ग पर चलने, बड़ों का सम्मान करने तथा सदैव अच्छे कार्य करने की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने जीवन में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और अच्छे संस्कारों को भी अपनाना चाहिए। सच्ची शिक्षा वही है, जो बच्चों को एक अच्छा इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दे। रावण दहन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में विजय सदैव अच्छाई की ही होती है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनाना और उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है।



भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंगों में रंगा क्रेसंट स्कूल, धूमधाम से मनाई गई दुर्गा अष्टमी

- विद्यार्थियों से जीवन जीने के सकारात्मक गुणों को बखान कर अष्टमी की शोभा बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

क्रेसंट स्कूल, फतेहाबाद में दुर्गा अष्टमी का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के तीनों विंग प्लेवे, कक्षा प्रथम से पंचम तथा कक्षा षष्ठी से अष्टम में अलग-अलग विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने मां दुर्गा की महिमा, भारतीय संस्कृति और बुराई पर अच्छाई की विजय के संदेश को सुंदर प्रस्तुतियों के माध्यम से उजागर किया। प्लेवे विंग के नन्हे विद्यार्थियों ने पारंपरिक उत्साह और भक्ति के वातावरण में पर्व का आनंद लिया। वहीं, कक्षा प्रथम से पंचम तथा कक्षा षष्ठी से अष्टम के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम को यादगार बनाया। विशेष प्रार्थना सभा में लोकिता और तनुज ने मंच संचालन किया। माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। इसमें पिहू, नायरा, दृष्टि, अनुष्का, भान्वी, समीहा, भव्या, अमाहिता और हर्षजप ने माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों का रूप धारण कर उनके दिव्य रूप, शक्ति और महिमा को जीवंत किया।

अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने एसपी नितिका खट्टर को भेंट किया दिवाली कार्ड

फतेहाबाद। दीपावली के पावन अवसर पर अपेक्स कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक नितिका खट्टर से मुलाकात की। इस दौरान विद्यार्थियों ने समाज की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा के क्षेत्र में पुलिस के योगदान के लिए आभार जताया। बच्चों ने एसपी नितिका खट्टर को दिवाली कार्ड और उपहार भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसपी नितिका खट्टर ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और उसकी जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना, कानून-व्यवस्था कायम रखना और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। उन्होंने बच्चों को कानून का सम्मान करने, अनुशासन में रहने और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने विद्यार्थियों को समझाया कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए नियमों का पालन करना और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना जरूरी है। बातचीत के दौरान बच्चों को पुलिस की भूमिका और जनसेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को करीब से जानने का अवसर मिला। इस मुलाकात से विद्यार्थियों को समाज सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के महत्व की सीख मिली।




मिलावट पर सख्ती : त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

- खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार राठी के नेतृत्व में टीम ने जाखल व टोहाना में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

त्योहारों के सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंपल लेने की कार्रवाई तेज कर दी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार राठी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जाखल और टोहाना की विभिन्न दुकानों से पनीर, खोया, घी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। इसके अलावा त्योहारों के दौरान इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री की भी जांच की जा रही है। विभाग की ओर से कुट्टू के आटे के 6 और सामक के 10 सैंपल भी लिए गए हैं। सभी सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। रिपोर्ट में खामियां मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार राठी ने दुकानदारों से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और ग्राहकों को शुद्ध व सुरक्षित सामान बेचने की अपील की। उन्होंने सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यक लाइसेंस के बिना कारोबार करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चेतावनी दी कि नियमों का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों को दिवाली के दौरान कारोबार करने में परेशानी हो सकती है। रवि कुमार राठी ने कहा कि मिलावटी या नकली खाद्य पदार्थ बेचकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना गंभीर मामला है। ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर तीन महीने तक की जेल, पांच लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों सजाओं का प्रावधान है।



कोर्ट कॉलोनी में दूषित पेयजल की सप्लाई से लोग परेशान

सिरसा। स्थानीय वार्ड नंबर 7 स्थित कोर्ट कॉलोनी की गली नंबर 2 में पिछले तीन दिनों से सीवरेज मिश्रित पानी सप्लाई किए जाने से वार्डवासियों को अनेक दिक्कतों से दोचार होना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 7 के निवासी हरभगवान मेहता, राजेश मेहता, राजेंद्र मेहता, कमल शर्मा व राजकुमार आदि ने बताया कि पिछले तीन दिनों से निरंतर उनकी गली में सीवरेज मिश्रित पानी की सप्लाई हो रही है जिससे उनकी पूरी दिनचर्या प्रभावित है। उपरोक्त गलीवासियों ने बताया कि सीवरेज मिश्रित पानी आने से न तो वह पीने के काम आ रहा है और न ही स्नान करने के रूप में। उन्होंने बताया कि इस गंदे पानी की सप्लाई से विभिन्न तरह की बीमारियां भी फैलने की आशंका बन गई है। गलीवासियों ने आरोप लगाया कि उनकी न तो स्थानीय पार्षद ने और न ही किसी अन्य प्रशासनिक अधिकारी ने सुध ली है जिससे वे स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। गलीवासियों ने चेताया कि यदि जल्द ही उनके क्षेत्र में सप्लाई किए जा रहे गंदे पानी की सप्लाई को बंद न किया गया तो उन्हें किसी कठोर कदम का रूख करना पड़ेगा।

रबी सीजन में नहरी पानी का शेड्यूल घोषित करे सरकार : जागो संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रबी सीजन में फसलों की बिजाई को देखते हुए जागो संस्था ने हरियाणा सरकार से नहरी पानी की आपूर्ति का शेड्यूल जल्द घोषित करने की मांग की है। संस्था का कहना है कि किसानों को समय रहते बताया जाना चाहिए कि आगामी सीजन में नहरों में 8 दिन पानी छोड़ा जाएगा या 16 दिन। डैम में पानी कम होने पर कई बार 16 दिन की नहर बंदी के बाद किसानों को महज 8 दिन पानी दिया जाता है, जबकि आम रूटीन में 16 दिन नहर में पानी चलता है 16 दिन ही बंद रहती है। संस्था के अनुसार, सरकार की हर साल सितंबर में भाखड़ा प्रबंधन बोर्ड के साथ इस विषय पर बैठक करती है, लेकिन किसानों तक जानकारी नहीं पहुंचती। इससे किसान गेहूं की अधिक बिजाई कर लेते हैं और बाद में सिंचाई की परेशानी होती है। संस्था ने कहा कि सितंबर में ही स्थिति स्पष्ट की जाए, ताकि किसान गेहूं के विकल्प के तौर पर सरसों, चना और जौ की खेती का फैसला कर सकें। अब तक सरकार और सिंचाई विभाग ने इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं की है। जागो संस्था के प्रधान देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र असीजा, प्रमोद बजाज, प्रदीप जांगड़ा, सेवा सिंह, रिछपाल तरड़, भारत गोयल और अमरजीत मालवां ने मुख्यमंत्री और सिंचाई विभाग को पत्र भेजकर नहरी पानी की उपलब्धता और आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया है।

नहरों में 8 या 16 दिन पानी छोड़े जाने की स्थिति स्पष्ट करने की

रामलीला: माता सीता की आज्ञा पाकर महाबली हनुमान ने उजाड़ी अशोक वाटिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री रामा क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला में बीती रात अनेक भावपूर्ण दृश्य मंचित किए गए जिन्हें देखकर श्रद्धालु भक्ति से सराबोर हो गए। रामलीला में राम और माता शबरी का मिलन और राम द्वारा उनके झूठे बेरों को श्रद्धापूर्वक खाना, राम और हनुमान जी का मिलन, सुग्रीव बाली युद्ध, बाली का मारा जाना, माता सीता की खोज में राम भक्त हनुमान का लंका में पहुंचना और अशोक वाटिका उजाडऩा, मेघनाद द्वारा हनुमान जी को ब्रह्मपाश में बांधकर रावण के दरबार में लेकर जाना इत्यादि दृश्य मंचित किए गए। हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका उजाड़े जाने के दौरान हनुमान द्वारा श्रद्धालुओं में फल फेंके गए जो श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किए।



हुड्डा बाइपास रोड पर होगा रावण दहन

श्री रामा क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित होने वाले 77वें दशहरा महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया होंगे जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार संजय अरोड़ा करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट के संरक्षक श्याम बजाज होंगे। इस अवसर पर अनेक सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। क्लब के प्रधान अश्विनी बठला व महासचिव गुलशन वधवा ने बताया कि 20 अक्टूबर को प्रातः 11 जनता भवन रोड स्थित रामलीला ग्राउंड से भव्य शोभायात्रा रवाना होगी।

प्रशिक्षण कार्यशाला में दिए टिप्स



सिरसा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिरसा द्वारा आयोजित फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी की छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे फेज का समापन हुआ। इस द्वितीय चरण में खंड के 160 प्राथमिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही, विभाग द्वारा तीसरे फेज की ट्रेनिंग आगामी 21 अक्टूबर से शुरू की जाएगी, जिसमें भी लगभग 160 नए शिक्षक भाग लेंगे। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा किसी भी बच्चे के भविष्य की नींव होती है। निपुण हरियाणा और निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने में एफएलएन ट्रेनिंग की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यह छह दिवसीय प्रशिक्षण शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों, खेल-खेल में सीखने और बाल-केंद्रित शिक्षा से जोड़ने का एक बेहतरीन जरिया है।

आदर्श स्कूल दरियापुर में रावण दहन बच्चों ने दिया सत्य की विजय का संदेश

फतेहाबाद। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर में दशहरे के पावन अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों तथा बुराई पर अच्छाई की विजय के शाश्वत संदेश से परिचित करवाना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रामायण पर आधारित एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने कविताओं, भाषणों एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दशहरे के धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक महत्व को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया। रावण दहन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, लोभ और नकारात्मक विचारों को समाप्त करने की प्रेरणा भी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

दिव्य मंदिर पहुंचने पर हुआ स्वागत

जादू भी योग का ही एक हिस्सा, योग से तय होता है खुश रहने का रास्ता

गुस्सा तेज आंधी के समान, जीवन में संयम और शांति का होना बेहद जरूरी : जादूगर सम्राट शंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जादू भी योग का ही एक हिस्सा है। इस व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। यह बात विश्व के प्रख्यात जादूगर सम्राट शंकर ने रतिया रोड स्थित योग दिव्य मंदिर में पहुंचने पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रेम जब आता है तो किसी पर नहीं ठहरता, बल्कि सब कुछ प्रेममय हो जाता है। जिस प्रकार वृक्ष बिना किसी भेदभाव के हर किसी को अपनी छाया देता है, उसी प्रकार मनुष्य को भी होना चाहिए। बता दें कि जादूगर सम्राट शंकर सद्गुरू देवी दयाल जी के अनन्य भक्त हैं और वर्ष 1977 से श्रीगंगानगर में योग मंदिर का संचालन कर रहे हैं। योग दिव्य मंदिर पहुंचने पर मंदिर के प्रमुख सेवादार कर्मचंद सरदाना, धर्मपाल चावला व अन्य गणमान्य सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन के दौरान सम्राट शंकर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवन में खुश रहने का सीधा और अचूक रास्ता बताया। उन्होंने योग और ध्यान के जरिए शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। आज की युवा पीढ़ी में लगातार बढ़ रहे गुस्से पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जादूगर सम्राट शंकर ने कहा कि गुस्सा एक आंधी के समान होता है। जब यह आंधी शांत होती है, तब जाकर यह मालूम पड़ता है कि हमने इससे अपना कितना बड़ा नुकसान कर लिया है। इसलिए जीवन में संयम और शांति का होना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव गुलशन रूखाया ने किया।



फतेहाबाद। योग दिव्य मंदिर में जादूगर सम्राट शंकर का स्वागत करते हुए सेवादार।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुमन चावला, पुष्पा सरदाना, जिला रेडक्रॉस सोसायटी से सुनील भाटिया, चंद्रभान आहूजा, राजेंद्र ललित, वेद बत्रा, अमृत खन्ना, आकाश, विकास खन्ना, हरीओम, डॉ. केशव गोस्वामी, हंसराज सचदेवा, जगदीश, कर्ण सिंह कुकणा, विनोद अरोड़ा, सुमन बजाज, किरण नारंग, रवि फुटेला और अशोक रस्सेवट सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शैक्षिक महासंघ की प्रांतीय बैठक में हुआ संगठन विस्तार पर मंथन

सिरसा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, हरियाणा विश्वविद्यालय शिक्षा की प्रांत बैठक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के स्वराज सदन में हुई। इसमें 9 विश्वविद्यालयों के 34 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन विस्तार और विश्वविद्यालय इकाइयों की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए दीपावली तक प्रत्येक विश्वविद्यालय में संपर्क अभियान चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, अखिल भारतीय महामंत्री प्रो. गीता भट्ट, अखिल भारतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रमुख प्रो. राजेश जांगिड़ और सह प्रांत कार्यवाह प्रीतम का मार्गदर्शन मिला।